प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पं. गोविन्द बल्लभ पंत मेमोरियल सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों को मिली ज्ञानवर्धक पुस्तकें

पंतनगर। 11 सितम्बर 2021। विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेन्टर, नाहेप भवन में 134वीं पंत जयंती के उपलक्ष्य में पं. गोविन्द बल्लभ पंत मेमोरियल सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोविन्द बल्लभ पंत सेलीब्रेशन कमेटी के उत्तराखण्ड समन्वयक, श्री ललित मोहन भट्ट एवं श्री राजेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुलपति डा. तेज प्रताप; विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री ललित मोहन भट्ट द्वारा पुस्तकों की जानकारी दी गयी तथा उन्होंने बताया कि यह पुस्तकें छात्रों के लिए उपयोगी है तथा श्री राजेश कुमार ने पं. गोविन्द बल्लभ पंत जी की जीवन की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए गोविन्द बल्लभ पंत सेलीब्रेशन कमेटी द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी विस्तारपूर्वक उल्लेख किया।

कुलपति डा. तेज प्रताप ने बताया कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत जी का इस विश्वविद्यालय को बनाने में सम्पूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ मेमोरियल सोसाइटी द्वारा इस विश्वविद्यालय को छात्रों के लिए पुस्तकें सौंपी गयी हैं, जो गर्व की बात है। डा. प्रताप ने बताया कि विश्वविद्यालय को सौंपी गयी उनकी पुस्तकें निरन्तर सृजित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. मनीषा रानी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का संबोधन करते कुलपति, डा. तेज प्रताप।

कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन करते कुलपति डा. तेज प्रताप एवं अन्य अधिकारी।